## यूरोपियों का आगमन

1. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
   सूची–I (यूरोपीय व्यापारिक कम्पनी)
   A. पुर्तगाली ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   B. ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   C. डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   D. फ्रेंच ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   सूची–II (स्थापना वर्ष)
   1. 1498
   2. 1600
   3. 1602
   4. 1664
   कूट :
   (अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
   (ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
   (स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
   (द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
   उत्तर : (अ)
   व्याख्याः– भारत में यूरोपीय कम्पनियाँ के स्थापना वर्ष इस प्रकार हैं–
   पुर्तगाली ईस्ट इंडिया कम्पनी – 1498 ई.
   ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी – 1600 ई.
   डच ईस्ट इंडिया कम्पनी – 1602 ई.
   डैनिश ईस्ट इंडिया कम्पनी – 1616 ई.
   फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कम्पनी – 1664 ई.
   स्वीडिश ईस्ट इंडिया कम्पनी – 1731 ई.
   भारत में यूरोपीय कम्पनियों की प्रथम फैक्ट्री के स्थापना वर्ष एवं स्थानों का विवरणः–
   पुर्तगाली – कोचीन – 1503 ई.
   डच – मुसलीपट्टनम – 1605 ई.
   अंग्रेज – मुसलीपट्टनम – 1611 ई.
   डेनिस – ट्रावणकोर – 1620 ई.
   फ्रांसीसी – सूरत – 1668 ई.
2. भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला गवर्नर जनरल कौन था ?
   (अ) रॉबर्ट क्लाइव (ब) सर जॉन शौर
   (स) वारेन हेस्टिंग्स (द) इनमें से कोई नहीं
   उत्तर : (स) SSC 2001
3. निम्नलिखित में किस यूरोपीय ने भारत में सबसे पहले अपना व्यापार फैलाया और प्रभावित किया ?
   (अ) ब्रिटिश (ब) फ्रेंच
   (स) डच (द) पुर्तगाली
   उत्तर : (द) RRB 2003, SSC 2000
4. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
   सूची–I (यूरोपीय व्यापारिक कम्पनी)
   A. पुर्तगाली ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   B. ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   C. डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   D. फ्रेंच ईस्ट इण्डिया कम्पनी
   सूची–II (मुख्यालय)
   1. गोवा
   2. कलकत्ता
   3. मुसलीपट्टनम
   4. पांडिचेरी
   कूट :
   (अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
   (ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
   (स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
   (द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
   उत्तर : (अ)
5. वह पुर्तगाली कौन था, जिसने गोवा पर अधिकार किया था ?
   (अ) फ्रांसिस डी अल्मेडा
   (ब) अल्फांसो डी अल्बुकर्क
   (स) वास्को डी गामा
   (द) रॉबर्टी डी नोविली
   उत्तर : (ब) SSC 2002
6. वर्ष 1498 ई. में वास्को डि गामा भारत में कहाँ उतरा था ?
   (अ) गोवा (ब) कालीकट
   (स) मंगलोर (द) कोचीन
   उत्तर : (ब) RRB 2005, MPPSC 1995
   व्याख्याः– 17 मई, 1498 ई. को वास्कोडिगामा ने भारत के पश्चिमी तट पर स्थित कालीकट बन्दरगाह पहुँचकर भारत एवं यूरोप के बीच नए समुद्री मार्ग की खोज की। इस यात्रा में वास्कोडिगामा को गुजराती पथ प्रदर्शक अब्दुल मनीद ने सहयोग किया।
7. वास्को डि गामा कहाँ का रहने वाला था ?
   (अ) पुर्तगाल (ब) हालैंड
   (स) अमेरिका (द) फ्रांस
   उत्तर : (अ) RRB 2003
8. अल्बुकर्क ने गोआ को 1510 ई. में किससे छीना था ?
   (अ) राजा जमोरिन से
   (ब) बीजापुर के सुल्तान से
   (स) फ्रांस से
   (द) इंग्लैंड से
   उत्तर : (ब) RRB 2005

www.rajstudents.com

9. वह अंग्रेज जिसने सम्राट् जहाँगीर के दरबार में आकर भेंट की थी–
(अ) सर टॉमस रो (ब) राल्टा बिता
(स) सर जोण्ड (द) सर जॉन शौर
उत्तर : (अ) RRB 2005, MPPSC 2010

10. गोवा, दमन और दीव का उपनिवेशीकरण मूलतः किया गया था–
(अ) डचों द्वारा (ब) अंग्रेजों द्वारा
(स) फ्रांसीसियों द्वारा (द) पुर्तगालियों द्वारा
उत्तर : (द) RRB 2005

11. भारत तक समुद्री मार्ग की खोज की गई थी–
(अ) डचों द्वारा (ब) अंग्रेजों द्वारा
(स) पुर्तगालियों द्वारा (द) फ्रांसीसियों द्वारा
उत्तर : (स) RRB 2005

12. ब्रिटिशों ने भारत में सूरत में अपनी पहली फैक्ट्री स्थापित करने की अनुमति निम्नलिखित में किससे प्राप्त की थी ?
(अ) अकबर से (ब) जहाँगीर से
(स) शाहजहाँ से (द) औरंगजेब से
उत्तर : (ब) RRB 2005

13. भारत के समुद्री मार्ग की खोज किसने की ?
(अ) कोलम्बस (ब) मैंगल्स
(स) वास्को डी गामा (द) टॉमस मूर
उत्तर : (स) RRB 2004

14. तृतीय कर्नाटक युद्ध की समाप्ति किस संधि से हुई ?
(अ) पेरिस की संधि
(ब) वेसीन की संधि
(स) ए–ला–शापेल की संधि
(द) सूरत की संधि
उत्तर : (अ) RRB 2003

15. पुर्तगाली व्यापिरिक कंपनी के भारत आगमन का सर्वप्रमुख उद्देश्य था–
(अ) काली मिर्च व अन्य मसालों के व्यापार पर एकाधिकार प्राप्त करना
(ब) धर्मान्तरण करना
(स) राज्य स्थापित करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

16. जब 17 मई, 1498 ई. में वास्कोडिगामा कालीकट में उतरा तो किसने उसका स्वागत किया ?
(अ) कालीकट के राजा जमोरिन ने
(ब) कैन्नानूर के कोलाथिरी ने
(स) कोचीन के नायर ने
(द) ट्रावणकोर के तिरुवेदी ने
उत्तर : (अ)

17. पुर्तगालियों ने भारत में सर्वप्रथम कहाँ फैक्ट्री स्थापित किया ?
(अ) कोचीन (ब) कालीकट
(स) पुलीकट (द) कैन्नानूर
उत्तर : (अ)

18. 1717 ई. में निम्नलिखित में कौन–से मुगल सम्राट् ने अंग्रेजों की ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में व्यापार पर विशेषाधिकार प्रदान करने का फरमान जारी किया ?
(अ) शाह आलम द्वितीय (ब) बहादुरशाह
(स) जहाँदार शाह (द) फर्रुखसियर
उत्तर : (द) UPPSC 2012, CDS 2004

19. ब्रिटिश के साथ वेसीन की संधि निम्नलिखित पेशवाओं में से किसने की थी ?
(अ) माधवराव ने (ब) बालाजी विश्वनाथ ने
(स) बाजीराव प्रथम ने (द) बाजीराव द्वितीय ने
उत्तर : (द) CDS 2004, UPPCS 2012

20. ईस्ट इंडिया कम्पनी के नेतृत्व में रॉबर्ट क्लाइव का उत्तराधिकारी निम्नलिखित में से कौन था ?
(अ) बैंटिक (ब) कार्नवालिस
(स) हेस्टिंग्स (द) वेलेजली
उत्तर : (स) CDS 2004

21. किस पुर्तगाली गवर्नर ने 'नीले पानी की नीति' अपनाई ?
(अ) फ्रांसिस्को डी अल्मीडा
(ब) अल्फांसो डी अल्बुकर्क
(स) नुनो द कुन्हा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

22. किसे भारत में पुर्तगाली साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक कहा जाता है ?
(अ) फ्रांसिस्को डी अल्मीडा
(ब) अल्फांसो डी अल्बुकर्क
(स) नुनो द कुन्हा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

23. किसे जहाँगीर ने 'खान' की उपाधि से सम्मानित किया ?
(अ) हाकिन्स (ब) सर टॉमस रो
(स) एडवर्ड टेरी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) BPSC 1995

24. उस क्षेत्र की पहचान करें जहाँ से यूरोपवासियों को सर्वोत्तम शोरा और अफीम प्राप्त होता था ?
(अ) बिहार (ब) गुजरात
(स) बंगाल (द) मद्रास (चेन्नई)
उत्तर : (अ) BPSC 1995

25. अल्बुकर्क ने बीजापुर के किस सुल्तान से गोवा को छीना ?
(अ) युसूफ आदिल शाह
(ब) अली आदिल शाह
(स) मुहम्मद आदिल शाह
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

26. पुर्तगाली उपनिवेश का प्रथम गवर्नर भारत में कौन हुआ ?
(अ) बार्थोलोम्यू डियाज
(ब) वास्कोडीगामा
(स) फ्रांसिस्को डी अल्मीडा
(द) अल्फांसो डी अल्बुकर्क
उत्तर : (स) BPSC 2002

27. निम्नलिखित में से किस अंग्रेज ने पुर्तगालियों को सौली/स्वाल्ली स्थान पर हराया ?
(अ) विलियम हाकिंस (ब) थॉमस बेस्ट
(स) टॉमस रो (द) जोशिया चाइल्ड
उत्तर : (ब) BPSC 2001

28. निम्नलिखित में से प्रथम कर्नाटक युद्ध का कौन–सा तात्कालिक कारण था ?
(अ) अंग्रेज और फ्रांसीसियों के बीच प्रतिद्वन्द्विता
(ब) आस्ट्रिया की राजगद्दी की जंग
(स) कर्नाटक की राजगद्दी का मामला
(द) अंग्रेजों द्वारा फ्रांसीसी जहाजों का अधिग्रहण
उत्तर : (द) BPSC 2001

29. भारत में 1612 ई. में अंग्रेजों ने अपनी पहली फैक्ट्री कहाँ स्थापित की थी ?
(अ) गोवा (ब) बंगाल में हुगली
(स) अर्काट (द) सूरत
उत्तर : (द) UPPSC 2006

30. निम्नलिखित में से जिस एक शासक ने ईस्ट इंडिया कंपनी को 'दीवानी' प्रदान की थी, वह था–
(अ) फर्रुखसियर (ब) शाह आलम I
(स) शाह आलम II (द) शुजाउद्दौला
उत्तर : (स) UPPSC 2004

31. बंगाल की निम्नलिखित फैक्ट्रियों में से एक जो पुर्तगालियों द्वारा स्थापित की–
(अ) बांदेल (ब) चिनसुरा
(स) हुगली (द) श्रीरामपुर
उत्तर : (स) UPPSC 2004

32. यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों के कारखाने होते थे–
(अ) केवल भण्डारगृह
(ब) केवल उत्पादन केन्द्र
(स) भण्डारगृह एवं उत्पादन केन्द्र दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

33. एक द्वीप पर निर्मित भारत का बड़ा नगर है–
(अ) पणजी (ब) रामेश्वरम
(स) पोर्ट ब्लेयर (द) मुम्बई
उत्तर : (द) RAS/RTS 1993

34. भारत में तम्बाकू के प्रचलन का श्रेय किसे है ?
(अ) अंग्रेजों को (ब) पुर्तगालियों को
(स) डचों को (द) फ्रांसीसियों को
उत्तर : (ब)

35. भारत में फ्रांसीसियों ने अपना सबसे पहला कारखाना निम्न स्थानों में से कहाँ लगाया ?
(अ) सूरत (ब) पुलीकट
(स) कोचीन (द) कासिम बाजार
उत्तर : (अ) UPPSC 2003

36. भारत में पहली मुद्रण मशीन की स्थापना किसने की ?
(अ) पुर्तगालियों ने (ब) अंग्रेजों ने
(स) फ्रांसीसियों ने (द) डचों ने
उत्तर : (अ)

37. पुर्तगाली उपनिवेशों गोवा, दमन और दीव को किस वर्ष जन–आंदोलन के बल पर भारत सरकार ने भारतीय गणराज्य में विलय किया ?
(अ) 1950 में (ब) 1954 में
(स) 1961 में (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

38. भारत से भारतीय वस्त्रों को प्रमुख निर्यात की वस्तु बनाने का श्रेय किसे है ?
(अ) अंग्रेजों को (ब) डचों को
(स) फ्रांसीसियों को (द) पुर्तगालियों को
उत्तर : (स)

39. डचों को भारतीय व्यापार से अलग करने में कौन सफल रहे ?
(अ) फ्रेंच (ब) पुर्तगीज
(स) अंग्रेज (द) स्वीडिश
उत्तर : (स)

40. डचों ने अपनी पहली फैक्ट्री 1605 ई. में कहाँ स्थापित की ?
(अ) सूरत (ब) कालीकट
(स) मसूलीपट्टनम (द) पुलीकट
उत्तर : (स)

41. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन किया–
(अ) मचेन्ट एडवेंचर्स के नाम से जाने जाने वाले लंदन के कुछ व्यापारियों ने
(ब) ऑक्सफोर्ड शहर के कुछ व्यापारियों ने
(स) लीसेस्टर शहर के कुछ व्यापारियों ने
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

42. सीकरी और आगरा पहुँचने वाला पहला अंग्रेज व्यापारी था–
(अ) राल्फ फिच (ब) जॉन मिल्डेन होल
(स) विलियम हॉकिन्स (द) सर टॉमस रो
उत्तर : (अ)

43. वह कौन–सा निर्णायक युद्ध था, जिसमें अंग्रेजों ने डचों को हरा दिया जिस कारण डचों की भारत में चुनौती खत्म हो गई ?
(अ) बेदरा का युद्ध (1759)
(ब) वांडीवाश का युद्ध (1760)
(स) प्लासी का युद्ध (1757)
(द) बक्सर का युद्ध (1764)
उत्तर : (अ)

44. 31 दिसम्बर, 1600 को किसने एक रॉयल चार्टर जारी कर ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को पूर्वी देशों के साथ व्यापार करने का एकमात्र अधिकार दिया ?
(अ) रानी एलिजाबेथ ने (ब) जेम्स प्रथम ने
(स) चार्ल्स प्रथम ने (द) क्रामवेल ने
उत्तर : (अ)

45. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रथम गवर्नर कौन था ?
(अ) टॉमस स्माइथ (ब) राल्फ फिच
(स) रॉबर्ट क्लाइव (द) टॉमस रो
उत्तर : (अ)

46. कैप्टन विलियम हॉकिंस किस जहाज से भरा पहुँचा था ?
(अ) हेक्टर (ब) ड्रैगन
(स) स्क्वायर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

47. किस मुगल बादशाह ने 6 फरवरी 1613 को एक फरमान जारी कर अंग्रेजों को सूरत में एक स्थायी कोठी खालेने की अनुमति दी ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) औरंगजेब
उत्तर : (ब)

48. कौन इंग्लैण्ड के सम्राट जेम्स I का राजदूत बनकर 1615 ई. में मुगल बादशाह जहाँगीर के दरबार में अजमेर पहुँचा ?
(अ) राल्फ फिच (ब) विलियम हॉकिन्स
(स) सर टॉमस रो (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

49. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रथम गवर्नर कौन था ?
(अ) टॉमस स्माइथ (ब) राल्फ फिच
(स) रॉबर्ट क्लाइव (द) टॉमस रो
उत्तर : (अ)

50. 1661 ई. में पुर्तगाल के राजा ने अपनी बहन कैथरी की शादी इंग्लेंड के राजा चार्ल्स II से की। इस उपलक्ष्य में उसने कौन–सा भारतीय द्वीप चार्ल्स II को दहेज के रूप में दे दिया ?
(अ) सूरत (ब) बम्बई
(स) खम्भात (द) भड़ौच
उत्तर : (ब)

51. अंग्रेजों ने पूर्वी भारत में पहली बार उड़ीसा में महानदी के मुहाने (डेल्टा) पर हरिहरपुर, बालासोर एवं पीपली में फैक्ट्रियाँ कब स्थापित की ?
(अ) 1633 ई. में (ब) 1651 ई. में
(स) 1608 ई. में (द) 1613 ई. में
उत्तर : (अ)

52. 1632 ई. में गोलकुण्डा के किस सुल्तान ने अंग्रेजों के नाम सुनहला फरमान जारी कर 500 पगोडा वार्षिक कर के एवज में उन्हें गोलकुण्डा राज्य के बंदरगाहों में स्वतंत्रतापूर्व व्यापार करने की अनुमति दी ?
(अ) अब्दुल्ला कुतुबशाह (ब) कुली कुतुबशाह
(स) अली आदिलशाह (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

53. 1639 ई. में अंग्रेज फ्रांसिस डे ने कहाँ के शासक से मद्रास को पट्टे पर लिया और वहाँ एक किलाबंद कोठी बनवाई ?
(अ) चंद्रगिरि के राजा से
(ब) कालीकट के राजा से
(स) बीजापुर के सुल्तान से
(द) गोलकुण्डा के सुल्तान से
उत्तर : (अ)

54. किस बादशाह के आदेश पर मुगल सेना ने 1686 ई. में हुगली पर आक्रमण कर अंग्रेजों को निकाल बाहर किया ?
(अ) औरंगजेब (ब) शाहजहाँ
(स) जहाँगीर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

55. भारत में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के दौरान नये शहरों का प्रादुर्भाव हुआ। कलकत्ता जो अब कोलकाता है, उन प्रथम शहरों में से एक था। निम्नलिखित में से कौन–से गाँवों से मिलकर कलकत्ता शहर बना था ?
(अ) मिदनापुर, चटगाँव, वर्दवान
(ब) 24 परगना, कालकता, ठाकुरगाँव
(स) सुतानाती, कालिकता, गोविंदपुर
(द) मिदनापुर, ठाकुरगाँव, गोविंदपुर
उत्तर : (स) CDS 2013

56. किस मुगल बादशाह ने अंग्रेजों से 1.5 लाख रुपये मुआवजा के तौर पर वसूल किए ?
(अ) शाहजहाँ (ब) जहाँगीर
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

57. किसके द्वारा जारी फरमान को अंग्रेज औंर्म ने 'बंगाल में ब्रिटिश व्यापार का मैग्नाकार्टा' बनाया ?
(अ) शाह शुजा द्वारा जारी निशान
(ब) फर्रुखसियर द्वारा जारी फरमान
(स) औरंगजेब द्वारा जारी फरमान
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

58. निम्नलिखित में से कौन अंग्रेज जहाँगीर के समय में भारत नहीं आया था ?
(अ) विलियम हॉकिन्स (ब) सर टॉमस रो
(स) पादरी एडवर्ड टैरी (द) राल्फ फिच
उत्तर : (द)

59. बंगाल में अंग्रेजों की कंपनी के बारे में किसने कहा कि–''यह एक कुत्सित या नीच, झगड़ालू लोगों और बेईमान व्यापारियों की कंमपनी है'' ?
(अ) शाइस्ता खाँ (ब) अजीम–उशु–शान
(स) शाह शुजा (द) इब्राहिम खाँ
उत्तर : (अ)

60. फ्रांसीसियों को चन्द्रनगर बस्ती किसने भेंट की ?
(अ) शाह शुजा ने (ब) इब्राहिम खाँ ने
(स) शाइस्ता खाँ ने (द) अजीम–उशु–शान ने
उत्तर : (स)

61. मुगल बादशाह ने किसे 'नवाब' की पदवी प्रदान की ?
(अ) डुप्ले (ब) क्लाइव
(स) लाली (द) इनमें से काई नहीं
उत्तर : (अ)

62. फ्रांसीसियों के पतन का कारण था–
(अ) अंग्रेजों की नौसैनिक श्रेष्ठता एवं भारत व भारत के बाहर अंग्रेजों से व्यापारिक प्रतिद्वन्द्विता
(ब) फ्रांसीसी सरकार के समर्थन का अभाव
(स) फ्रांसीसी कंपनी का दुर्बल संगठन
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

63. निम्नलिखित में कौन–सा युद्ध निर्णायक युद्ध था जिसमें फ्रांसीसी हार गए और अंग्रेजों की सर्वोच्चता स्थापित हो गई ?
(अ) वांडीवाश का युद्ध (1760)
(ब) बेदरा का युद्ध (1759)
(स) प्लासी का युद्ध (1757)
(द) बक्सर का युद्ध (1764)
उत्तर : (अ)

64. पाण्डिचेरी के गवर्नर जनरल बनने के पूर्व डुप्ले कहाँ का गवर्नर नियुक्त किया ?
(अ) चन्द्रनगर (ब) चिनसुरा
(स) पुलीकट (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

65. प्रथम कर्नाटक युद्ध की समाप्ति किस संधि से हुई ?
(अ) ए ला शापेल की संधि
(ब) गोडेहू की संधि
(स) पाण्डिचेरी की संधि
(द) पेरिस की संधि
उत्तर : (अ)

66. गोडेहू की संधि या पाण्डिचेरी की संधि (1754) से कौन–सा युद्ध समाप्त हुआ ?
(अ) प्रथम कर्नाटक युद्ध
(ब) द्वितीय कर्नाटक कयुद्ध
(स) तृतीय कर्नाटक युद्ध
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

67. वांडीवाश के युद्ध (1760) में अंग्रेजों का नेतृत्व किसने किया ?
(अ) सर आयर कूट (ब) टॉमस स्मिथ
(स) टॉमस रो (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

68. कर्नाटक का तृतीय युद्ध किस संधि के फलस्वरूप समाप्त हुआ ?
(अ) ए ला शापेल की संधि
(ब) गोडेहू की संधि
(स) पेरिस की संधि
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

69. फ्रांस की सरकार ने किस वर्ष भारत स्थित फ्रांसीसी बस्तियों का अधिकार भारत सरकार को सौंप दिए ?
(अ) 1951 ई. (ब) 1954 ई.
(स) 1961 ई. (द) 1955 ई.
उत्तर : (ब)

70. इतिहासकार मैकाले के अनुसार वह पहला व्यक्ति कौन था जिसने पहली बार अनुभव किया कि मुगल साम्राज्य के खण्डहरों पर एक यूरोपीय साम्राज्य बनाया जा सकता है ?
(अ) डुप्ले (ब) लाली
(स) मोडेहू (द) क्लाइव
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

71. निम्न यूरोपीय शक्तियों ने भारतीय व्यापार में समय–समय पर प्रवेश किया–
1. अंग्रेज
2. डच
3. फ्रांसीसी
4. पुर्तगाली
इनके आने का क्रम है:–
(अ) 1, 2, 3, 4 (ब) 4, 2, 1, 3
(स) 3, 4, 2, 1 (द) 2, 3, 4, 1
उत्तर : (ब)

72. भारत का बादशाह उस समय कौन था जब ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई थी ?
(अ) औरंगजेब (ब) जहाँगीर
(स) अकबर (द) हुमायूँ
उत्तर : (स) UPPCS 2008

73. निम्नलिखित यूरोपियनों में से कौन–सा एक स्वतंत्रता–पूर्व भारत में व्यापारी के रूप में सबसे अंत में आये ?
(अ) डच (ब) इंगलिश
(स) फ्रांसीसी (द) पुर्तगाली
उत्तर : (स) UPPCS 2007

74. 17वीं सदी के दौरान दक्षिण भारत में यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों की सफलता के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा/से कारण था/थे ?
1. दक्षिण में मुगल उतनी तादाद में नहीं थे जितने उत्तर में
2. विजयनगर राज्य 16वीं सदी के अंत में उखाड़ फेंका गया
3. दक्षिण में अनेक छोटे और कमजोर राज्य थे।
(अ) 1, 2 और 3 (ब) केवल 1 और 2
(स) केवल 2 और 3 (द) केवल 1
उत्तर : (अ) CDS 2011